# राजधानी में रामनवमी की धूम मंदिरों में गूंजा...भए प्रकट कृपाला

भोपाल (काप्र)।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहरभर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर के राम मंदिरों में अनेक कार्यक्रम किए गए। राम नवमी पर भजन राम मंदिर गुरुबख्श की तलैया पर भक्तों ने भगवान राम का जयघोष किया। उधर, शहर के अन्य मंदिरों में सुबह से भगवान श्रीराम का पंचामृत से अभिषेक कर, विशेष पूजा अर्चना की गई। बिड़ला मंदिर, बांके बिहारी मंदिर तलैया, गायत्री शक्तिपीठ, राममंदिर टीटी नगर, राम जानकी मंदिर कोटरा चित्रगुप्त नगर में दोपहर 12 बजे से शहर रामलला के जयकारों और भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला के स्वरलहरियों से गूंज उठा।

रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव का उत्साह शहर में सुबह से ही दिखाई दे रहा था। इस बार का पर्व रवि पुष्य नक्षत्र के संयोग से और भी विशेष था। शहर के प्रमुख श्री राम मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में भगवान का पूजन-अभिषेक कर मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसरों को पुष्प सज्जा और विद्युत रोशनी से सजाया गया। भगवान राम के भजनों की मधुर ध्वनि चारों ओर गूंज रही थी। रामनवमी पर कई स्थानों पर राम रथयात्रा भी निकाली गई। इसमें आकर्षक अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृति और हनुमान जी की झांकियों के साथ रामलला रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने तथा उनके हालचाल जानने निकले। यात्रा में अश्व ध्वज वाहक तथा सैकड़ों युवा भगवा ध्वज लेकर चले।



श्रीराम मंदिर गुरुबख्श की तलैया में रविवार को दोपहर 12 बजते ही श्रीराम जन्मोत्सव की आरती की गई। तत्पश्चात् भंडारा शुरू हुआ। अध्यक्ष पंडित ओम मेहता, महामंत्री प्रमोद चुग मोदी, महेंद्र अरोरा, ओम प्रकाश छाबड़ा, नितिन शर्मा, सुखदेव राज अठोत्रा, राकेश शर्मा, ओम प्रकाश जुनेजा, जयदेव बांगिया, तरसेम शर्मा, सुरेश कुमार चंडोक, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सुभाष अग्रवाल, देवांस शर्मा अशोक गांधी सहित श्रीराम भक्तों ने आरती की।



## श्री पशुपतिनाथ मंदिर में राम नवमी पर हुआ हवन-पूजन

भोपाल(काप्र)।

**श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में रविवार को राम नवमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन कर हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री राम जी का प्रकटोत्सव मनाया गया।**

सुबह से ही भक्तजनों ने मंदिर में श्रंद्वालुओं का तांता लगा रहा और बड़ी सख्या में लोगों ने हवन-पूजन में भाग लिया। मंदिर परिसर में संध्या समय भजन-कीर्तन कर भगवान श्रीराम जी की आरती उतारी गई। इस दौरान वड़ी सख्या में महिलाओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर नृत्य किया। इस दौरान श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा के अध्यक्ष श्री लोकमणी घिमिरे, महामंत्री श्री सुरेश पाण्डे, प्रमुख सलाहकार श्री विष्णु शर्मा, समाज के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, प्रवंधन कमिटी, विभिन्न प्रकोष्ट के पदाधिकारी, महिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहें।

# हवन पूजन, भंडारे के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन

भोपाल (काप्र)।

**चैत्र नवरात्रि का समापन देवी मंदिरों में विशेष पूजन-पाठ और हवन के साथ हुआ। माता मंदिरों में हवन पूजन संपन्न हुआ। रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ी। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि आठ दिन की रही।**

रविवार को रामनवमी के साथ नवमी माता का पूजन घरों में किया गया। माता मंदिरों में अष्टमी-नवमी तिथि की संधि में विशेष अनुष्ठान और हवन हुआ। नवरात्रि का समापन जवारे विसर्जन के साथ हुआ। मां दुर्गा-काली के मंदिरों में शाम तक भक्तों की भीड़ रही। घरों व मंदिरों से जयघोष, मंत्रोच्चार और आरती के मधुर स्वर गूंजते रहे। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती व चालीसा आदि का पाठ करने के बाद पूजा, हवन व आरती की। माता के दर्शन के लिए रात दस बजे तक मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। सोमवारा और काली घाट स्थित देवी मंदिरों में लोगों की इतनी अधिक भीड़ थी कि जगह कम पडने के कारण लोगों को आरती के समय बाहर ही खड़े रहना पड़ा। इस कारण कई बार इस मार्गों पर यातायात अवरूद्व हुआ। लोगों ने कन्याओं को घरों पर बुला कर उनकी आरती उतारी और भोजन कराया। उन्हें उपहार भी दिए गए। कई स्थानों पर भंडारे किए गए। दूसरी ओर भवानी मंदिर सोमवारा, कालीघाट मंदिर तलैया, दुर्गाधाम अशोक नगर समेत हमीदिया रोड, शाहजहांनाबाद आदि स्थानों के दुर्गा मंदिरों में पूजा व हवन की पूर्णाहूति की गई।

राजधानी में सामने आया लव जिहाद का मामला

# सोहेल ने खुद को राहुल शर्मा बताकर इंस्टाग्राम पर की थी युवती से दोस्ती

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स थाना इलाके में लव जिहाद का मामला सामने आया है। बताया गया है कि विदिशा के रहने वाले सोहेल नामक युवक ने खुद को राहुल बता कर युवती से दोस्ती की और फिर दबाव बनाकर उससे शादी भी कर ली। बाद में युवती के परिजनो को कुछ संदेह हुआ जिसके बाद मामला पुलिस के पास जा पहुंचा। तब सारी सच्चाई सामने आ गई।**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक 19 वर्षीय युवती झागरिया बस्ती में अकेली रहती है। उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। पड़ोस में रहने वाले मामा उसकी देखभाल करते हैं। करीब तीन महीने पहले युवती की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिये एक युवक से दोस्ती हुई थी, उसने खुद का नाम राहुल शर्मा बताया था। जल्द ही उनके बीच चैटिंग, फोन पर बातचीत होने लगी और उनकी दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदल गई। खुद को राहुल शर्मा बताने वाला युवक विदिशा से भोपाल रहने आ गया। वह यहॉ नादरा बस स्टैण्ड के पास किराए के कमरे में रहते हुए पुताई का काम करता था। बीते दिनो उसने युवती पर शादी करने का दबाव बनाया। युवती ने जब शादी करने से इंकार किया तब आरोपी युवक ने उसकी चैटिंग वायरल करने की धमकी दी। उसकी धमकी से डरी युवती ने शादी करने के लिये हामी भर दी।

गुरुवार को आरोपी युवक युवती को अपने साथ कटराहिल्स के एक मंदिर में लेकर पहुंचा। उस समय वहॉ पुजारी नहीं होने से दोनों ने खुद ही पाणिग्रहण संस्कार की औपचारिकता पूरी कर ली। इसके बाद आरोपी उसके उसके घर में ही रहने लगा। इस बीच युवती की देखरेख करने वाले उसके मामा ने जब आरोपी से उसकी पहचान से संबधित दस्तावेज मांगे तब वह आनाकानी करने लगा। उसकी हरकतो से मामा को कुछ संदेह हुआ उन्होनें इसकी सूचना हिंदू संगठन के पदाधिकारियों को दे दी। बाद में सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह विदिशा का रहने वाला सोहेल खॉन है। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंच गय, युवती के बयानो के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।

# सौरभ शर्मा मामले में कांग्रेस करेगी लोकायुक्त का घेराव

भोपाल (काप्र)।

**मध्यप्रदेश के चर्चित परिवहन घोटाले मामले में कांग्रेस अटैकिंग मोड पर है। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को जमानत दिए जाने के बाद कांग्रेस ने कई सवाल खड़े किए हैं।**

**प्रदेश भर से शामिल होंगे कार्यकर्ता, इसके पहले समन्वय समिति की होगी बैठक**

इस मामले को लेकर कांग्रेस लोकायुक्त का घेराव करने की तैयारी में है। दिल्ली में हुई बैठक के बाद घेराव को लेकर रणनीति तैयार की गई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस 12 अप्रैल को लोकायुक्त कार्यालय का घेराव करेगी। इसके पहले समन्वय समिति की बैठक आयोजित होगी। घेराव को बड़ा रूप देने के लिए प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं को बुलाने की रणनीति पर भी विचार किया जा रहा है। दरअसल, मेंडोरा में मिली इनोवा गाड़ी से 52 किलो सोना और करोड़ों रुपए कैश बरामद हुआ था। जांच एजेंसियों की लगातार पूछताछ के बाद भी अब तक यह खुलासा नहीं हो पाया है कि यह सोना और कैश किसका था। परिवहन घोटाले के आरोप में जेल में बंद सौरभ शर्मा, चेतन सिंह और शरद जायसवाल को भोपाल सेशन कोर्ट ने जमानत दे दी है। इस जमानत को देने के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि भोपाल लोकायुक्त पुलिस जो कि इस पूरे मामले की पहली जांच एजेंसी थी, जिसने सबसे पहले सौरभ शर्मा के ठिकाने पर कार्रवाई की थी। लोकायुक्त ने मामले में प्रकरण दर्ज करने के बाद 60 दिनों के भीतर चालान पेश नहीं किया, जिसके आधार पर कोर्ट ने सभी को जमानत दे दी। अब कांग्रेस इसे लेकर सरकार को घेर रही है। बताया जा रहा है कि घेराव कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, विधायकों सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## अंडा सेल में रहेगा एनआईए का कट्टरपंथी फिरोज

**भोपाल ( काप्र )।** राजधानी भोपाल की केंद्रीय जेल के उच्च सुरक्षा वाले बैरक जिसे अंडा सेल कहा जाता है, उसमें एक और बड़ा कट्टरपंथी और एनआईए का पांच लाख का वांछित आरोपी लाया गया है। जयपुर सीरियल धमाके की साजिश में शामिल रतलाम निवासी फिरोज को कुछ दिन पहले ही स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह मार्च 2022 से फरार था जयपुर एनआईए ने उस पर पांच लाख का इनाम घोषित किया है। एनआईए उसे पूछताछ के लिए जल्दी ही प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जयपुर ले जाएगी। एनआईए अभी नवरात्र और नवदुर्गा पर सभी राज्यों-शहरों में निकलने वाले जूलूस के दौरान पुलिस की अति व्यस्तता के कारण रुकी है। कट्टरपंथी फिरोज को सुरक्षा कारणों से भोपाल केंद्रीय जेल भेजा गया है, जहां उसे उच्च सुरक्षा वाले अंडा सेल में रखा जा रहा है। यह वही अंडा सेल है, जहां वर्तमान में प्रतिबंधित कट्टरपंथी और आतंकी संगठनों के करीब 69 आतंकी रह रहे हैं। मुंबई के आर्थर रोड जेल और पुणे के यरवडा जेल के अंडा सेल की तर्ज पर ही भोपाल सेंट्रल जेल में हाई रिस्क बंदियों को रखने के लिए एक बैरक बनाई गई है, जो अंडे के आकार की है।

# सताएगी गर्मी, पारा 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना

### अगले सप्ताह तापमान में दो से चार डिग्री की हो सकती है बढोत्तरी

भोपाल (काप्र)।

**इस माह की शुरुआत गर्मी से भले ही राहत भरी रही है, लेकिन अब सूरज ने भी अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए। राजस्थान से आ रही उत्तर पश्चिमी हवाओं ने शहरवासियों को तपिश का अहसास कराना शुरू कर दिया है।**

भोपाल स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक, अभी तक मराठवाड़ा पर बने चक्रवाती हवाओं के घेरे के कारण अरब सागर से आ रही नमी के असर से बादल बने हुए थे और दिन में गर्मी से राहत मिल रही थी। अब कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है और मौसम खुला हुआ है। इस वजह से अगले सप्ताह में भोपाल के दिन के तापमान में दो से चार डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है। अप्रैल माह में भोपाल में दिन का पारा 41 से 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में इंदौर में लू चलने की आशंका व्यक्त की गई है। मध्यप्रदेश में धूप लगातार तीखी और हवा गर्म होती जा रही है। 7 अप्रैल से राजस्थान से जुड़े एमपी के कुछ जिलों में लू भी चलेगी। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से 9 अप्रैल को सिंगरौली, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, प्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में लू का अलर्ट भी है। मौसम विभाग, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया- पिछले दिनों एक्टिव रहा ओले-बारिश का सिस्टम आगे बढ़ गया है। इससे मध्यप्रदेश में गर्मी बढ़ गई है। 7 अप्रैल से राजस्थान से जुड़े जिलों में हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। 8 अप्रैल को वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने का अनुमान है। इसकी वजह से पूर्वी हिस्से में मौसम बदला रहेगा।

### तापमान के साथ बढ़ेगी बिजली की मांग

तापमान में वृद्धि के साथ बिजली की मांग भी लगातार बढ़ेगी। बढ़ती मांग के लिए बिजली कंपनी वितरण क्षमता बढ़ाने में जुटी है। इस बीच मेंटेनेंस भी शुरू हो गया है। मई में तापमान के मध्य में बिजली की खपत वर्ष में सबसे ज्यादा होती है। 24 घंटे लगातार मांग बनी रहने और तापमान ऊंचा रहने से बिजली कंपनी की वितरण व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। तापमान बढने के साथ गर्म होते ट्रांसफार्मरों और केबलों में फाल्ट की समस्या भी बढ़ जाती है। बिजली कंपनी दावा कर रही है कि गर्मियों के बीच बढ़ती मांग से इस साल वितरण में खलल नहीं पड़ेगा। इस बीच गर्मियों और आने वाली बरसात के पहले भी कंपनी ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। कंपनी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 2 से 4 घंटे प्रतिदिन लाइन सुधार और ट्रांसफार्मर रिपेयर जैसे काम कर रही है। इसके चलते अलग-अलग दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में दो से तीन घंटे तक बिजली गुल हो सकती है। कंपनी के अनुसार तय समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को असुविधा कम हो इसलिए सुबह-सुबह गर्मी बढने से पहले मेंटेनेंस का काम होगा।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर प्रशिक्षण आज से

**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण का आयोजन विज्ञान भवन भोपाल मे किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 100 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तकनीकि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकि का प्रचलन बढ़ाना है7 इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडलों जैसे तथा डीप लर्निंग तकनीकों पर, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो, हैदराबाद, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल एवं महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, नई दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को रिमोट सेंसिंग तकनीकि का उपयोग करके सटीक फसल उपज अनुमान के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसका लक्ष्य फसल बीमा दावा निपटान प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना है, जिससे प्रौद्योगिकी आधारित तकनीकि का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है।

**स्पेशल खबर** *नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने और...*

# मां नर्मदा के अविरल प्रवाह का मुख्यमंत्री ने लिया संकल्प

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नर्मदापुरम जिले के अवधूत श्री दादा गुरु के दादा कुटी में पहुंचकर हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दादा कुटी में 108 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पूजन-अर्चन किया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने एवं मां नर्मदा नदी के अविरल प्रवाह के लिए संकल्प लिया।**



मुख्यमंत्री ने अवधूत दादा गुरु के मार्गदर्शन में संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन की। मुख्यमंत्री ने अवधूत दादा गुरू के साथ आध्यात्मिक चर्चा की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान समूचे प्रदेश में प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत बंद एवं लुप्त हो चुकी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन सभी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही मां नर्मदा के अविरल प्रवाह के लिए भी संकल्प लिया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि इस संकल्प में दादा गुरू का आर्शीवाद हमें प्राप्त हुआ है।

डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा पथ से होकर जाने वाले नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उनके लिए धर्मशाला एवं अन्य व्यवस्थाएँ भी प्राथमिकता से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी आध्यात्मिक गतिविधियां सरल एवं सुगम हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन प्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों को सुव्यवस्थित एवं विकसित करनें के लिए कृत-संकल्पित है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आज मैहर एवं चित्रकूट भी जा रहे हैं। आज चित्रकूट का गौरव दिवस है। भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के कुछ वर्ष चित्रकूट में बिताये थे। चित्रकूट में रामनवमी के अवसर पर घर-घर में दीप प्रज्ज्वलित किये जाऐंगे।

इस अवसर पर दादा कुटी में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नगरपालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव सहित प्रीति पवन शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोलंकी, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।